The Speaker made reference of passing away of Dr. Ram Vilas Vedanti, Member of 11th and 12th Lok Sabha

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, अत्यंत दुख के साथ मुझे सदन को हमारे पूर्व सहयोगी के निधन के बारे में सूचित करना है ।

डा. रामविलास वेदांती उत्तर प्रदेश के मछलीशहर संसदीय क्षेत्र से 11 वीं लोक सभा और प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से 12 वीं लोक सभा के सदस्य रहे ।

वे रेल संबंधी संसदीय समिति के सदस्य भी रहे । एक सक्रिय समाजसेवी के रूप में उन्होंने गंगा नदी के प्रदूषण के विरुद्ध अभियान एवं कई आध्यात्मिक अभियानों का नेतृत्व किया ।

डा. रामविलास वेदांती का निधन 15 दिसम्बर, 2025 को मध्य प्रदेश के रीवा में 67 वर्ष की आयु में हुआ ।

यह सभा डा. रामविलास वेदांती के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती है तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है ।

अब यह सभा दिवंगत आत्मा के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी ।